# पीएम आवास योजना की सूची से नाम हटने पर फूटा गुस्सा

**कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार**

**छपारा नवभारत। नगर परिषद छपारा के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में बड़े पैमाने पर धांधली और अपात्र घोषित किए जाने का मामला सामने आया है। मंगलवार को जिला मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में विवेकानंद वार्ड (वार्ड नंबर 10) की दर्जनों महिलाओं और हितग्राहियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।**

विवेकानंद वार्ड के निवासियों का आरोप है कि वे पिछले 30-40 वर्षों से अपने पट्टों पर काबिज हैं और परिषद को नियमित रूप से टैक्स का भुगतान कर रहे हैं। इसके बावजूद, जांच अधिकारियों (अभियंता जायसवाल एवं सार्थक दुबे पटवारी) द्वारा की गई जांच में कई पात्र परिवारों को अपात्र घोषित कर सूची से बाहर कर दिया गया है।

हितग्राहियों का कहना है कि नगर परिषद छपारा की कुल सूची में 525 लोगों को अपात्र किया गया था। निर्देशों के बाद 161 लोगों को दोबारा शामिल किया गया। लेकिन अब भी 364 लोग योजना के लाभ से वंचित हैं, जबकि उनके पास भूमि का पट्टा और टैक्स रसीदें जैसे सभी आवश्यक दस्तावेज मौजूद हैं।



गरीब काट रहे दफ्तरों के चक्कर जनसुनवाई में पहुंची महिलाओं ने भावुक होते हुए कहा कि अपने पक्के मकान का सपना साकार करने के लिए वे सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटकर थक चुकी हैं। पार्षद रामेश्वर बंजारा के नेतृत्व में सौंपे गए आवेदन में स्पष्ट किया गया है कि जांच अधिकारियों ने मौके पर सही तरीके से सत्यापन नहीं किया, जिससे गरीब परिवार अपने आशियाने के हक से दूर हो गए हैं।

**जांच की मांग**

आवेदक रामेश्वर बंजारा वार्ड पार्षद और अन्य वार्ड वासियों ने कलेक्टर से मांग की है कि अपात्र किए गए हितग्राहियों के दस्तावेजों और पट्टों की दोबारा निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि पात्र लोगों को योजना का लाभ नहीं मिला, तो वे अपने हक के लिए आगे भी संघर्ष जारी रखेंगे। अनंता बाई, संदीप वर्मन, रामरती इपाचे, खुशबू चौहान, रमेश चौहान व अन्य प्रभावित हितग्राही हैं।

# मैनापिपरिया में समुदायिक भवन निर्माण को लेकर उपजा विवाद

**केवलारी नवभारत।** जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत घंसौर (नागाबाबा) के ग्राम मैनापीपरिया में प्रस्तावित सार्वजनिक समुदाय भवन निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच दिलीप ठाकुर द्वारा मनमानी करते हुए समुदाय भवन का निर्माण अपने निवास से लगे हुए प्राथमिक विद्यालय परिसर से सटाकर कराए जाने की योजना बनाई जा रही है।

ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि सार्वजनिक समुदाय भवन विद्यालय परिसर से दूर बनाया जाना चाहिए। गांववासियों की मांग है कि यह भवन गांव के प्रारंभिक हिस्से (शुरुआत में) बनाया जाए, जिससे सभी को सुविधा मिल सके।



ग्रामीणों का यह भी कहना है कि यदि भवन विद्यालय के पास बनाया गया, तो भविष्य में समुदाय भवन में होने वाले कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है, जिससे आक्रोश व विवाद की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है। अब देखना होगा कि प्रशासन ग्रामीणों की मांग पर क्या संज्ञान लेता है।

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल गेट से लगी दुकानों पर नगर पालिका मेहरबान

**कचहरी चौक से एलआईसी ऑफिस तक ही सिमटी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई**



**सिवनी नवभारत।** शहर में अतिक्रमण हटाने को लेकर नगरपालिका की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जहां नगरपालिका की टीमें नियमित रूप से कचहरी चौक से एलआईसी ऑफिस तक कार्रवाई करती नजर आती हैं, वहीं नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल गेट से लगी दुकानों और निजी बस स्टैंड परिसर के सामने वर्षों से जमे अतिक्रमण पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

हैरानी की बात यह है कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल गेट से लगी अतिक्रमणकारी दुकानों की दूरी नगरपालिका कार्यालय से महज लगभग 500 मीटर ही है। इसके बावजूद यहां वर्षों से बने अतिक्रमण को हटाने में नगरपालिका अब तक नाकाम साबित हुई है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्कूल के मुख्य द्वार के पास अतिक्रमण के कारण विद्यार्थियों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। सुबह और शाम स्कूल समय के दौरान यहां भीड़ और अव्यवस्था बनी रहती है, जिससे बच्चों की सुरक्षा पर सीधा खतरा बना रहता है। नियमों के अनुसार स्कूल परिसरों के आसपास अतिक्रमण हटाना नगरपालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर आंखें मूंदे बैठे हैं।

**चुनिंदा क्षेत्रों तक सिमटी अतिक्रमण की कार्यवाही**

इसी तरह निजी बस स्टैंड के सामने बने अतिक्रमण के कारण बसों के खड़े होने और यात्रियों के आवागमन में परेशानी होती है। सड़क पर अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे आम लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।नगरवासियों का आरोप है कि नगरपालिका की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई केवल चुनिंदा क्षेत्रों तक सीमित होकर रह गई है। जिन स्थानों पर प्रभावशाली लोग या व्यावसायिक हित जुड़े हैं, वहां कार्रवाई से बचा जा रहा है। इससे आम जनता में असंतोष बढ़ता जा रहा है और नगरपालिका की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई वास्तव में जनहित में की जा रही है, तो इसे पूरे शहर में समान रूप से लागू किया जाना चाहिए। विशेषकर स्कूल, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थलों के आसपास अतिक्रमण को प्राथमिकता से हटाया जाना जरूरी है, ताकि यातायात सुचारू हो और दुर्घटनाओं की आशंका कम की जा सके।

## समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन 7 मार्च तक

**सिवनी नवभारत।** जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन दिनाँक 07 फरवरी से 07 मार्च तक किया जाना है। किसान अपनी फसल का निःशुल्क पंजीयन सहकारी समिति में स्थापित पंजीयन केन्द्र में एवं सशुल्क एम पी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर जाकर अपनी उपज का पंजीयन करा सकतें है। उन्होंने बताया कि सिकमी/बटाईदार एवं वनपट्टाधारी किसानो के पंजीयन केवल सहकारी समिति में स्थापित पंजीयन केन्द्र द्वारा किये जावेगें, सिकमी/बटाईदार एवं वनपट्टाधारी किसानो के सिकमी अनुबंध दिनांक 02/02/2026 के पूर्व का होने पर ही मान्य किया जावेगा।

# धर्म, राष्ट्र और सामाजिक चेतना पर विचार विमर्श

**हिंदू सम्मेलन में हिंदू जनजागरण का आव्हान**

**केवलारी नवभारत।** केवलारी के ग्राम नागाबाबा घंसौर में आयोजित भव्य हिंदू सम्मेलन में धर्म, राष्ट्र और सामाजिक चेतना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर एवं व्यापक विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन में वक्ताओं ने एक स्वर में समाज को संगठित रहने, अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।



सम्मेलन का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात डॉ मदन दुबे, श्रीमती अनुसुइया सुरेंद्र साहू, दिलीप कुल्हाड़े सहित अनेक वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदू धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक संपूर्ण व्यवस्था है, जो सदैव मानवता, सहिष्णुता और राष्ट्र निर्माण का मार्ग दिखाती रही है। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

### ग्राम खुर्सीपार में अवैध गांजा एवं शराब ब्रिकी को लेकर महिलाओं ने मोर्चा खोला, पुलिस थाना छपारा पहुंचकर ज्ञापन सौंपा

# बाप और बेटा सब शराब के नशे में रहते हैं चूर, गृहस्थी चौपट कर रहे

**छपारा नवभारत।** नगर से सटे हुए गांव खुर्सीपार एवं खुर्सीपार टोला में जगह जगह आसानी से बिक्री हो रही अवैध शराब एवं गांजा से अपनी पुरुषों को नशे की लत से गृहस्थी तबाह होते हुए देख 3 फरवरी दिन मंगलवार को ग्राम पंचायत खुर्सीपार सरपंच श्रीमती वैजयंती मरावी एवं लगभग दो दर्जन से अधिक संख्या में महिलाएं नगर के पुलिस थाना पहुंची जहां उन्होंने थाना प्रभारी खेंमेंद्र कुमार जैतवार के नाम हस्ताक्षर कर एक ज्ञापन सौंपा जिसमें खुर्सीपार ग्राम में ग्राम से लगे खुर्सीपार टोला पर खुलेआम अवैध शराब और गांजा बेचने से गांव के छोटे-छोटे बच्चों सहित सभी पुरुष वर्ग नशे में धुत्त होकर आए दिन विवाद एवं महिलाओं से मारपीट की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं जिससे उनका जीना दुभर हो गया है जल्द ही उनके गांव में अवैध नशीले पदार्थों पर रोक नहीं लगाई गई तो उन्हें अनहोनी घटना होने की आशंका जताई गई है पुलिस प्रशासन से ठोस कार्यवाही किए जाने की उपस्थिति महिलाओं द्वारा मांग की गई है।




# बम्हनी के पास नहर की संकरी पुलिया बनी डेंजर जोन

## लगातार हो रहे हादसे,जिम्मेदारों की अनदेखी से आक्रोश



**कान्हीवाड़ा नवभारत।** कान्हीवाड़ा-कलारबांकी प्रधानमंत्री सड़क मार्ग पर सफर करना इन दिनों जोखिम भरा साबित हो रहा है। ग्राम बम्हनी के पास भीमगढ़ दाईं तट नहर पर बनी पुलिया वर्तमान में डेंजर ज़ोन में तब्दील हो चुकी है। पुलिया की बेहद संकरी बनावट और वहां स्थित जानलेवा अंधे मोड़ के कारण आए दिन वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र में लगातार दहशत का माहौल बना हुआ है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह पुलिया लगभग 40 वर्ष पुरानी है जो समय के साथ जर्जर हो चुकी है। सबसे बड़ी समस्या इसकी बनावट में है,सड़क तो चौड़ी कर दी गई, लेकिन पुलिया की चौड़ाई आज भी चार दशक पुरानी है। इसके साथ ही पुलिया के ठीक पहले एक तीखा अंधा मोड़ है, जिसके कारण सामने से आने वाले भारी वाहन समय रहते दिखाई नहीं देते। रात के समय रोशनी और रिफ्लेक्टर के अभाव में नए वाहन चालकों के लिए स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। हैरानी की बात यह है कि इस संवेदनशील स्थल पर बार-बार हादसे होने के बावजूद प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जुड़े अधिकारी और जल संसाधन विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन किसी बड़ी लाश गिरने का इंतजार कर रहा है। बार-बार शिकायतों के बाद भी यहाँ न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है और न ही पुलिया के सुदृढ़ीकरण की कोई योजना बनाई गई है।

**देर रात टला बड़ा हादसा : मौत के मुंह से निकले वाहन सवार**

दुर्घटनाओं के इसी सिलसिले में देर रात बड़ा हादसा टल गया। एक पिकअप वाहन पुलिया पार करते समय अनियंत्रित होकर पलट गया। यह हादसा इतना भयावह था कि वाहन सीधे नहर की गहराई की ओर जा गिरा था, लेकिन गनीमत रही कि वह नहर के मुहाने पर ही अटक गया। वाहन में सवार लोगों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सुरक्षित बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि वाहन सीधे पानी में समा जाता, तो कोई भी बड़ी जनहानि हो सकती थी।

**इनका कहना है-**

यह पुलिया लगातार हादसों को दावत दे रही है। संकरा रास्ता और खतरनाक मोड़ होने के कारण यहाँ से गुजरना अपनी जान हथेली पर लेने जैसा है। हमारी मांग है कि प्रशासन तत्काल इस पुलिया का चौड़ीकरण करे और दोनों तरफ मजबूत सुरक्षा दीवार का निर्माण कराए।

## भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं आश्रितों की वार्षिक बैठक 10 को

**सिवनी।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास द्वारा बताया गया कि कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सिवनी श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में मंगलवार 10 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में शाम 4.00 बजे जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सिवनी द्वारा भूतपूर्व सैनिकों की वार्षिक बैठक का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।



# विधायक ने माना मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री का आभार

**सिवनी नवभारत।** विधायक दिनेश राय मुनमुन ने उपस्वास्थ्य केन्द्रों की सौगात प्रदान करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रति आभार व्यक्त किया। आज राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कलारबांकी एवं औरिया रैयत मे उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य हेतु 65-65 लाख की स्वीकृति प्रदान करने पर भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विधानसभा क्षेत्र की जनता की ओर से प्रदेश सरकार के मुखिया के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार अंत्योदय के संकल्प के साथ कार्य कर रही है ग्रामीण क्षेत्रों मे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। ज्ञात हो कि उपस्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण हेतु क्षेत्रीय जनों द्वारा विधायक दिनेश राय मुनमुन से मांग की जा रही थी। जिस पर श्री राय ने उक्त भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री जी एवं विभागीय मंत्री जी को अवगत कराया और स्वीकृति के लिए आग्रह किया गया था।

# रामटेक सांस्कृतिक महोत्सव में अमन कबीर हुए सम्मानित

**सिवनी नवभारत।** फ़िल्म, रंगमंच और डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म निर्माण के क्षेत्र में समान रूप में संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ सक्रिय लेखक व गीतकार अमन कबीर को निरंतर रचनात्मक लेखन साधना के लिए रामटेक क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक महोत्सव के मंच पर महाराष्ट्र शासन और रामटेक पर्यटन विभाग की ओर से सम्मानित किया गया। यह सम्मान महाराष्ट्र शासन में पाँच विभागों के राज्य मंत्री आशीष जयसवाल, प्रख्यात पार्श्वगायक सुदेश भोसले और सुविख्यात गायिका साधना सरगम के करकमलों से प्रदान किया गया।



सिवनी की माटी में संस्कार पाए अमन कबीर ने अपनी लेखनी से इतिहास, लोक, आस्था और संघर्ष को रंगमंचीय गरिमा दी है। सिंदूरगिरि महात्म्य, कुंवारा भिवसेन, राजा बख़्त बुलंद शाह, जय जगदंबे, शहीदे आज़म अशफ़ाक़उल्लाह और संविधान जैसे महानाटकों के माध्यम से उन्होंने शब्दों को केवल संवाद नहीं, बल्कि समय का साक्ष्य बनाया है। नाटक लेखन और गीत रचना के साथ-साथ वे डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म निर्माण और विज्ञापन लेखन के क्षेत्र में भी देशभर में सक्रिय हैं। दिवंगत प्रख्यात फ़िल्म अभिनेता और रंगमंच गुरु स्वर्गीय निर्मल पांडे के सान्निध्य में तथा अप्रतिम लेखक, गायक और संगीतकार पीयूष मिश्रा के शिष्यत्व में गढ़ी गई उनकी रचनात्मक दृष्टि आज एक सुदृढ़ पहचान बन चुकी है। आशीष जयसवाल के साथ निकट सहयोग में, उनके वैचारिक और रचनात्मक संवादकर्ता के रूप में भी अमन कबीर निरंतर कार्यरत हैं। इस सम्मान के अवसर पर अमन कबीर की एक ओर उपलब्धि पर सभी इष्ट मित्रों ने एवं क्षेत्र के लोगों ने बधाईयां प्रेषित की है।

**सम्मेलन** -सकल हिंदू समाज द्वारा हिंदू समरसता समागम का किया गया आयोजन-

# विश्व की चेतना का कारण सनातन हैं : स्वामी प्रज्ञानंद महाराज

**बरघाट नवभारत।** 1 फरवरी को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बस स्टैंड बरघाट में हिंदू समरसता समागम सम्मेलन का आयोजन सकल हिंदू समाज द्वारा किया गया, जिसमें बरघाट क्षेत्र के विभिन्न धर्म और जातियों को मानने वाले धर्म प्रेमियों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दी।

कार्यक्रम का प्रारंभ भारतीय संस्कारों के अनुसार मां भारती के पूजन और रविदास जयंती के उपलक्ष में संत शिरोमणि रविदास जी के छायाचित्र में पूजन अर्चन व गौ माता के पूजन के साथ प्रारंभ किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय कलाकारों द्वारा वंदे मातरम गीत से की गई, इस दरमियान बरघाट नगर के सभी वार्डो से कलश यात्राएं निकालकर आयोजन स्थल तक पहुंची और उन्हें मां भारती के चरणों में कलश समर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिसमें हर वार्ड से बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने कलश यात्रा



में अपनी सहभागिता दर्ज की, कार्यक्रम में अनेकों धर्म और देश से संबंधित प्रस्तुतियां मंच के माध्यम से दी गई, साथ ही विद्यार्थियों द्वारा अनेकता में एकता के संदेश के साथ-साथ अपनी संस्कृति को बचाने हेतु एक नाटक भी प्रस्तुत किया गया, साथ ही क्षेत्र के प्रसिद्ध कलाकारो ने भी धर्म और देश के प्रति अपनी प्रस्तुति मंच के माध्यम से दी। मंच पर उपस्थित गुरुजी एवं अन्य अतिथियो का स्वागत व सम्मान समिति पदाधिकारीयो के द्वारा किया गया,कार्यक्रम में उपस्थित हिंदू समाज के सभी समाज प्रमुखों का आयोजन समिति के पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा द्वारा एक एक पौधा भेटकर माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित विशाल जन समुदाय को संबोधित करते हुए स्वामी प्रज्ञानंद महाराज ने कहा कि पूरे विश्व को ज्ञान का प्रकाश देने का काम हिंदू धर्म के माध्यम से ही होता है ,जिस दिन सनातन धर्म अपने स्थान से हिल जाएगा उस दिन पूरा विश्व प्रलय की चपेट में आ जाएगा, हिंदुत्व एक ऐसा विचार है जो सभी को एक सूत्र में पिरोने का काम करता है , जिन्होंने राष्ट्र को प्रथम माना उन्हें हमने भी देवता के तौर पर स्वीकार किया है देश को आजादी के लिए लड़ने वाले बिरसा मुंडा को हम भगवान के तौर पर पूजते हैं, और वह हमारे हिंदू धर्म के प्रमुख स्तंभों में आते है, सभी जातियों को एक सूत्र में पिरोकर हिंदू धर्म और सनातन को जीवन देने की जिम्मेदारी हर हिंदू की है कि वह अपने संस्कारों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचने का काम करें।

**इनकी रही उपस्थिति**

इसके पूर्व मंच पर उपस्थित कैलाश चंद (मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ क्षेत्र प्रचार प्रमुख), सरिता आंधवान जी (संस्कृत भारती जिला संयोजक सिवनी) के द्वारा भी उपस्थित जन समुदाय को मार्गदर्शन दिया गया। सम्मेलन के अंत में उपस्थित जनों व नगरवासियों का आभार व्यक्त किया गया, तत्पश्चात सभी ने भारत माता की आरती की। सभी धर्मावलंबियों के लिए प्रसाद स्वरूप भंडारे का आयोजन भी किया गया था, कुल मिलाकर यह आयोजन हिंदू चेतना को जागृत करने की दिशा में एक ठोस पहल है



## कलेक्टर व एसपी ने दिलाई यातायात नियमों की शपथ



**सिवनी।** जिले में विगत एक माह से चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह 2026 का समापन कार्यक्रम बुधवार को छिंदवाड़ा रोड बायपास ओवरब्रिज के समीप आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता की उपस्थिति रही। आयोजन एनएचएआई एवं यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई।

**नाम सुधार सूचना**

मैं शपथकर्ता रामचरन साहू उम्र करीब 37 वर्ष पिता बिहारीलाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम सुनवारा खेडा, तहसील धनौरा जिला सिवनी म.प्र. का आज दिनांक 31/01/2026 को स्थान लखनादौन में शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि - 1. यह कि, मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ तथा अपने नाम की स्पेलिंग के संबंध में शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ। 2. यह कि, मैं शपयकर्ता की दसवी की अंकसूची में मेरे नाम की स्पेलिंग RAMCARAN SAHU है जो कि भूलवश गलती से RAMCHARAN SAHU के स्थान RAMCARAN SAHU पर दर्ज हो गया है। 3. यह कि मैं शपयकर्ता की बारहवीं की अंकसूची में एवं मेरा आधारकार्ड एवं समस्त दस्ततावेजों में मेरा नाम RAMCHARAN SAHU दर्ज है जो कि मेरे नाम की सही एवं वास्तविक स्पेलिंग है। 4. यह कि, RAMCHARAN SAHU एवं RAMCARAN SAHU एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि मैं शपथकर्ता ही हूँ तथा ये दोनों नाम मेरे ही है जिसे दुरूस्त कर RAMCHARAN SAHU दर्ज किया जावे एवं लिखा पढ़न व समझा जावे इस हेतु जो भी आवश्यक दस्तावेज होंगे मैं शपथकर्ता प्रस्तुत करने को तैयार हूँ इस संबंध में शपथपत्र पेश है। 5. यह कि, मेरे द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है इसमें किसी भी कथन को छिपाया नहीं गया है।

स्थान - लखनादौन
दिनांक -31/01/2026
शपथकर्ता

**आवश्यकता हैं**

दुकान में काम करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता हैं, ड्रायव्हर 2, (सैलरी 10 से 20 हजार)
समय : सुबह 10 से रात 8, बजे तक
संपर्क :- नारायणी सेल्स, साई हॉटेल के पीछे, तवकल लेआऊट वाडी नागपुर
70288 80502
86003 82146

**एडवांस केयर हॉस्पिटल लखनादौन जिला सिवनी**
आवश्यकता है
इच्छुक मेल फीमेल नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है पता सिवनी रोड समनापुर एडवांस केयर हॉस्पिटल लखनादौन
संपर्क सूत्र
9752360935
9424657567